# हरियाणा ने युवाओं के लिये योजनाएँ शुरू कीं

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के मुख्यमंत्री** ने **युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग** द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

- उन्होंने ड्रोन दीदी योजना, **ठेकेदार सक्षम युवा योजना** और IT सक्षम युवा योजना लॉन्च की।

## प्रमुख बिंदु:

- हरियाणा ने हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत एक लाख से अधिक युवाओं को कौशल विकास में मदद की है और युवाओं को 1.44 लाख नौकरियाँ प्रदान की हैं।
- **ठेकेदार सक्षम युवा योजना:**
    - सरकार 10,000 **इंजीनियरिंग डिप्लोमा और डिग्री धारकों को तीन महीने का कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगी** ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।
    - सरकार इन युवाओं को **एक वर्ष के लिये 3 लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण** भी उपलब्ध कराएगी।
    - युवा **राज्य** पंचायती राज **विभाग के 25 लाख रुपए** तक के सरकारी निविदाओं के लिये आवेदन कर सकेंगे।
- **IT सक्षम युवा योजना:**
    - इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार **स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को IT प्रशिक्षण प्रदान करेगी** ताकि उन्हें इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने में मदद मिल सके।
    - युवाओं को **कोडिंग, जावा भाषा, वेब डिजाइनिंग, नेटवर्किंग और डिजिटल मार्केटिंग** आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- **ड्रोन दीदी योजना:**
    - इस योजना के तहत राज्य सरकार **वर्ष 2024-25 में 5,000 युवतियों को ड्रोन संचालन और प्रबंधन का प्रशिक्षण देगी।**
    - सरकार उन्हें **ड्रोन और अन्य उपकरणों की लागत का 80% प्रदान** करेगी।
- **बेरोज़गारी अनुदान में वृद्धि:**
    - मुख्यमंत्री ने **1 अगस्त, 2024 से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण युवाओं के लिये बेरोज़गारी भत्ता 900 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1,200 रुपए** करने की घोषणा की।
    - **स्नातक युवाओं के लिये बेरोज़गारी अनुदान बढ़ाकर 2,000 रुपए प्रतिमाह और स्नातकोत्तर युवाओं के लिये 3,500 रुपए प्रतिमाह** कर दिया गया है।
    - सरकार **2.61 लाख युवाओं को ऐसे अनुदान उपलब्ध** कराएगी।

## हरियाणा कौशल विकास मिशन (Haryana Skill Development Mission- HSDM)

- इसकी **स्थापना मई 2015 में** राज्य सरकार द्वारा की गई थी।
- इसका उद्देश्य **युवाओं को हरियाणा और भारत के आर्थिक तथा सर्वांगीण विकास में भाग लेने के लिये सशक्त** बनाना है।
- यह **विभाग भर में कौशल विकास योजनाओं को तैयार करने और संचालित करने** के लिये सरकार के भीतर संपर्क का एकल बिंदु है।
- हरियाणा कौशल विकास मिशन (HSDM) एक **एकीकृत मिशन के रूप में कार्य करता है जो राज्य के कौशल विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में विभिन्न राज्य विभागों के प्रयासों** को जोड़ता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-launches-schemes-for-youth